हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 सुशासन दिवस पर नगर पालिका में हुई काव्य और...

12 मनुष्य के जन्मों के पापों का क्षय करने भागवत ...




## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी, मौत



**गिधौरी।** ग्राम पुलेनी में बुधवार सुबह 10 बजे के आसपास 26 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारण से घर अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गिधौरी पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पुलेनी में 8 बजे के आसपास हरि वर्मा पिता देवानंद वर्मा 26 वर्ष ने घर कोई परिजन नहीं थे, तब फांसी लगा लिया। गिधौरी पुलिस मर्ग कायम कर मौके पर पहुंची और युवक के शव को उतारकर पंचनामा कार्रवाई की, जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा गया। पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### 27 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा।** क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर ग्राम भरतपुर में शराब कोचिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस को जानकारी मिली 24 दिसम्बर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम भरतपुर में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। इस पर पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई कर आरोपी बबलू टंडन पिता पवन कुमार टंडन 19 वर्ष सकिन भरतपुर थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से कुल 27 लीटर महुआ शराब को जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34-2 आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।

### दौड़ में केशव और सृष्टि प्रथम



**कसडोल।** नगर में संचालित शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न खेल विधाओं के अंतर्गत प्रथम दिवस एकल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से केशव तथा बालिका वर्ग से सृष्टि सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में केशव एवं सृष्टि सोनी, ऊंची कूद में पीताम्बर पैकरा एवं सृष्टि सोनी लंबी कूद में परमेश्वर, सृष्टि सोनी, गोला फेंक में विक्रांत बंजारे, फाल्गुनी सोनी, भाला फेंक में रफीक मोहम्मद एवं बिन्दु पैकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस टीम गेम का आयोजन किया गया, जिसमें खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट आदि में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी सहायक प्राध्यापक केके बर्मन, केके देवांगन, वायके पटेल, विश्राम टण्डन, दीप्ति महिलांग, संजूलता पटेल अतिथि व्याख्याता डॉ. जितेन्द्र वर्मा, मनोहर ईजारदार, सीमा श्रीवास, संजना केशरवानी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### जहर सेवन से अधेड़ महिला की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान अधेड़ महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार हेमिनबाई साहू पति हेमराम 31 वर्ष ग्राम भटगांव थाना सोरम निवासी बीते तीन वर्ष से बवासीर से पीड़ित थी।

# सामाजिक समरसता से ही समाज, प्रदेश एवं देश का विकास होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

## गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक शिवरतन ने दिया बाबा का संदेश



नगर के रिक्शा कालोनी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने ऊंच-नीच के भेद भाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि बाबा का संदेश आज भी प्रासांगिक है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर विभिन्न समाजों को एक माला में पिरोने का कार्य किया। सत्य ही मानव की असली आभूषण है। सत्य के संदेश को अपने आचरण में उतारकर सतगुणी और संतज्ञानी बनने तथा नारी सम्मान एव पशुओं से प्रेम करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि पंथी के जो गाने हैं उनके शब्दों को देखें, उन शब्दों को समझें तो उन शब्दों में बहुत बड़ी गहराई है। पंथी नृत्य और गान के बिना जयंती का कार्यक्रम अधूरा रहता है।

उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि बाबा के बताये सत्य के रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ की हमारी भाजपा सरकार हमारे पुरखों एवं महापुरूषों के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज, प्रदेश एवं देश का विकास होता है। कार्यक्रम में आशिष जायसवाल, योगेश अंनत, शिव साहू, अशोक साहू, चंदकला साय सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास जयंती पर रही पंथी नृत्य की धूम



**सुहेला।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती यहां धूमधाम से मनाई गई। पालो चढ़ाया गया और पारंपरिक बाजे के साथ गीत गाते युवा वर्ग पंथी नृत्य किए। प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार की मिठाई व्यंजन बनाए। संतोष मिरी ने बताया बाबाजी की जयंती धूमधाम से मना रहे हैं। सहपाठियों के साथ पंथी नृत्य कर रहे हैं। संत समाज मिलकर यह पर्व मना रहे हैं। बहुत अच्छा लग रहा है। बाबा गुरु घासीदास छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के गिरौदपुरी गांव में पिता महंगुदास एवं माता अमरौतिन के कोख से जन्मे थे। गुरु घासीदास सतनामी समाज के प्रवर्तक थे। गुरुजी महान बैद्य एवं वैज्ञानिक और तर्कवादी विचारक थे। गुरुजी जन्म से न मानकर कर्म को महान मानते थे। भंडारपुरी में जहां अपने धार्मिक स्थल को संत समाज को प्रमाणित सत्य के शक्ति के साथ दिया था, वहां गुरूजी के वंशज जो जन्म से गुरु हैं आज भी उनका निवासरत है। उन्होंने अपने समय की सामाजिक-आर्थिक विषमताओं, शोषण तथा जातिवाद ▶▶| शेष पेज 11 पर

### सुशासन दिवस : किसानों में खुशी, भीड़ से हो रही परेशानी

# खाते में पहुंची बोनस राशि निकालने बैंकों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 का एक साथ 02 वर्ष की बोनस राशि मिलने से पूरे राज्य की भांति बलौदाबाजार जिले के कृषकों में भी सर्वत्र हर्ष व्याप्त है।

जिले के किसानों ने राज्य सरकार के इस निर्णय को किसान हितैषी बताते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की भूरी–भूरी प्रशंसा की है।

#### कृषकों के जीवन में आएगा सुधार

किसानों ने छत्तीसगढ़ सरकार के किसान हितैषी निर्णय के फलस्वरूप उन्हें एक साथ बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के किसानों को वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के बकाया बोनस राशि का भुगतान कर राज्य के अन्नदाता किसानों का वास्तविक सम्मान करने का कार्य किया है। राज्य सरकार की इस जनहितैषी निर्णय की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए श्री कोर्राम ने बताया कि वर्तमान में उसके पास कुल 85 एकड़ खेती योग्य जमीन है। उन्होंने वर्ष 2014–15 में 152 क्विंटल 40 किलोग्राम एवं 2015–16 में 557 क्विंटल 20 किलोग्राम समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री की है।

### सुशासन दिवस पर किसान के खाते में पहुंचे 9 लाख



**बलौदाबाजार/भाटापारा।** सुशासन दिवस पर राज्य के किसानों को वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 का बकाया धान बोनस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदान किया गया। किसानों के खाते में राशि जमा होते ही उनके चेहरे में खुशी की लहर छा गई। ऐसे ही बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अंतर्गत भाटापारा विकासखंड के ग्राम अमेठी निवासी 66 वर्षीय किसान अनिल कुमार को बकाया बोनस के रूप में 9 लाख 29 हजार 280 रुपये मिला है। बोनस की राशि मिलते ही वे बेहद ही प्रसन्नचित है। अनिल कुमार ने बताया कि मुझे वर्ष 2014–15 के 4 लाख 64 हजार और वर्ष 2015–16 के 4 लाख 64 हजार 640 रूपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं सपने में भी नहीं सोचा था कि बोनस के रूप में 9 लाख रूपये से अधिक राशि मुझे मिलेगी। अब जो राशि मुझे मिली है उसका उपयोग मैं खेती–बाड़ी कार्य को आगे बढ़ाने एवं घर के आवश्यक खर्चों में करूंगा। उन्होंने कहा कि किसानी का कार्य अब बेहद ही मुनाफे का कार्य हो गया है। इस सरकार से हमें और भी अधिक उम्मीद है। बकाया बोनस की राशि मिलने पर अनिल कुमार ने इसके लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया।

- किसान ने कहा–खेती किसानी को बढ़ाने एवं घर के आवश्यक खर्चों में करूंगा उपयोग

## ब्लॉक अध्यक्ष सचिव संघ ने बैठक में लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई सिमगा की आवश्यक बैठक जोहनदास भारती नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष की अध्यक्षता में ग्राम कामता के चितावर धाम में हुई। नवनियुक्त अध्यक्ष जोहन दास भारती ने कहा कि हम सभी सिमगा ब्लॉक का नाम जिला व प्रदेश स्तर पर रोशन करने ऐसे कार्य कर मिसाल पेश करेंगे। सब मिल जुलकर एक साथ कार्य करेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष खडानंद वर्मा द्वारा नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष भारती को ब्लॉक अध्यक्ष सचिव संघ सिमगा का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया। निवर्तमान ब्लॉक सचिव श्रवण कुमार वर्मा द्वारा विगत समय की आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसे सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। तत्पश्चात संगठनात्मक विषयों पर चर्चा परीचर्चा की गई।इसके बाद अध्यक्ष भारती द्वारा पंचायत सचिव संगठन ब्लॉक का सिमगा संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणियों का नाम घोषित किया गया। इसमें ब्लॉक इकाई सिमगा के ब्लॉक सचिव का दायित्व रमेश बंजारे को सौंपा गया। साथ ही साथ संगठन के कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी, सलाहकार, कार्यकारिणी सदस्य सही सभी पदों पर नियुक्त प्रदान सभी गई। नवनियुक्त पदाधिकारी को ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा 30 दिसंबर को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर तेजराम वर्मा, विष्णु प्रसाद, सरजू प्रसाद ध्रुव, इनु राम ध्रुव, अमित कुमार वर्मा, पूनम श्रीवास्तव, परमेश्वरी मारकंडे, मधु वर्मा, इंदिरा मारकंडे, इंद्रसेन, संजय वर्मा, दुजराम, सुरेश कुमार, रमेश कुमार बंजारे, मोहरदास जोशी, रामाधार साहू, हीरालाल यादव, उपेंद्र कुमार साहू सहित सभी सचिव उपस्थित रहे।

## रासेयो शिविर में दिया गया संविधान को जानने का मंत्र



**पलारी।** पलारी के बैजनाथ खपरी में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस सभी स्वयंसेवक परियोजना कार्य के लिए शाला प्रांगण एवं शाला की बाहर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिए। बौद्धिक सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एलएस गजपाल ने सभी स्वयं सेवको को एक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि लोकेश कन्नोजे, शिक्षक कृष्ण कुमार फेकर, हेमलाल साहू, जितेंद्र साहू समाजसेवक स्वयं सेवक की सराहना करते हुए कहा कि अभी किया हुआ भविष्य में इसका फल अवश्य मिलेगा। तृतीय दिवस स्वयं सेवको ने बैजनाथ खपरी तालाब के आस पास साफ सफाई की। दोपहर बौद्धिक सत्र में पूर्व जिला संगठक डा. यूके मिश्रा ने धैर्य से और मन लगाकर कार्य करने पर जोर दिया। एडवोकेट डोमार सिंह खंडेलवाल, महेश ढीढी, कमलेश कनौजे ने कहा जीवन में अगर सफल होना है तो पुस्तक ज्ञान से आगे बढ़ा जा सकता है, इसके लिए निजी त्याग भी आवश्यक है। वहीं पत्रकारिता एवं विधिक सहायता सलाह और संविधान को जानने समझने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री कल्पना भगत के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## छात्रों ने जाना जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभाव का कारण



**खरोरा।** भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय का सात दिवसीय, एनएसएस शिविर ग्राम परसदा (क) में 30 दिसंबर तक आयोजित हैं। इसी कड़ी में तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा कालखंड में एमिटी यूनिवर्सिटी के डॉ. पीके शर्मा ने जलवायु परिवर्तन के संबंध में व्याख्यान दिए। खेल के माध्यम से स्वयंसेवकों को जलवायु परिवर्तन के कारण, प्रभाव एवं जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभाव से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र–छात्राओं ने भी इस विषय में बढ़ चढ़ के सवाल किए, जैसे ज्वारभाटा और ज्वालामुखी में क्या अंतर है, लावा से कौन–कौन सी गैस निकलती है, लावा निकलने का कारण क्या होता है, एवं ज्वारभाटा होने के कारण जैसे जैसे सवाल पूछे, जिसका जवाब डॉ. पीके शर्मा द्वारा बड़े रोचक तरीके से दी गई।

चतुर्थ दिवस आज यातायात पुलिस प्रशिक्षक टीके भोई, डॉ. संदीप धुप्पड़ सुरक्षित भवः फाउंडेशन रायपुर एवं सहदेव वर्मा यातायात सहायक प्रशिक्षक द्वारा यातायात की संपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जनजागरूकता के लिए रासेयो ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज :बलौदाबाजार।



कला व वाणिज्य महाविद्यालय के रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत सकरी के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में प्रारंभ हुआ। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में पुराईन बाई साहू सरंपच सकरी, संदीप पाण्डे रासेयो जिला सलाहकार उपस्थित थे। टंकराम वर्मा द्वारा स्वयंसेवकों को मित्रता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कैकयी एवं दुर्योधन बुरी संगति के कारण दुःख झेलना पड़ा जैसे बताते हुए कहा कि कैकयी एवं दुर्योधन बुरी संगति के कारण दुःख झेलना पड़ा एवं सुदामा को अच्छी संगती के कारण समाज में मान सम्मान बढ़ा। इस वर्ष शिविर का मुख्य विषय नशा मुक्त समाज के लिए युवा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एआरसी, जेम्स ने युवाओं को नशा मुक्त रहने का संदेश दिया। स्वयंसेवक ग्राम में साफ–सफाई जागरुकता अभियान व सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा जन जागरुकता फैलायेंगे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र देव मिर्झा ने बताया कि 25 से 31 दिसम्बर तक स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम सकरी में विभिन्न कार्य किये जायेंगे, जिनसे उनका बौद्धिक, सामाजिक व व्यक्तित्व का विकास होगा। रासेयो राज्य अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल एवं जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी ने शिविर का सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के शुभारंभ में 65 स्वयंसेवकों एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

- शुभारंभ में मंत्री टंकराम ने स्वयंसेवकों की मित्रता का महत्व गिनाए

### छात्रों को नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दी गई शिक्षाप्रद जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से क्षेत्र में योजनाओं का हितग्राहियों को मिल रहा है शत-प्रतिशत लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी




ग्राम ओड़ान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन कल्याणकारी कार्यों की गारंटी है विकसित भारत संकल्प यात्रा। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मिशन पर काम करते हुये श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि जैसे अनेक योजनाओं के माध्यम से युवा, महिला, किसान एवं गरीबों को सक्षम बनाने का काम कर रही है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी योजनाओं की प्रदर्शनी में आम जनता ने लाभ लेकर अपने समस्याओं का समाधान करते हुये स्वच्छ एवं विकसित राष्ट्र निर्माण के लिये संकल्प लिये। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने मोदी की गारंटी मेरी जुबानी कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार भी साझा किये। स्कूली छात्रों ने शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सबक मन मोह लिया। इस अवसर पर जनपद सीईओ रोहित नायक, तहसीलदार नेताम, बीइओ केदारनाथ वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी बीएस ध्रुव, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु, ओड़ान जोन प्रभारी नाथूराम वर्मा, सहप्रभारी डुलेश्वर वर्मा, शक्तिकेन्द्र संयोजक देवव्रत वर्मा, कार्यालय मंत्री श्यामू साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष चरणदास तेहरवंश, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जनक वर्मा, पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष सालिकराम साहू, सरपंच राजकुमारी कमल, प्राचार्य संतोष डड़सेना, उपसरपंच टिकेश्वर वर्मा, सचिव मुकेश टंडन, पिलाराम साहू, परसराम साहू, आनंद ठाकुर, मनीराम यादव, चरणदास कोशले, सीताराम साहू, जीवनलाल जोशी, सतीश माहेश्वरी, एसके टंडन, गजानंद तारम, राबर्ट कुरील, मारुति राव, दुष्यंत जलक्षत्री, रोशन वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, सवरिन वर्मा, जितेन्द्र कमल, झालूराम साहू सहित हजारों लोग उपस्थित थे ।

## शहीद मनीष का बलिदान दिवस आज

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा निवासी शहीद मनीष नेताम का बलिदान दिवस आज गुरुवार को दोपहर 12 बजे से मनाया जायेगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला के संरक्षक केपी साहू ने बताया कि शहीद मनीष नेताम का 2017 में थलसेना में चयन हुआ था, तब उसे गांव के लोगों ने पूरे सम्मान के साथ मातृभूमि की सेवा के लिए भेजा था लेकिन चार साल की सेवा के दौरान जम्मू कश्मीर के ग्लेशियर में ड्यूटी करते हुए शहीद हो गए थे। उनके परिवार एवं सैनिकों द्वारा गुरुवार को उनकी प्रथम पुण्य तिथि और बलिदान दिवस मनाया जायेगा। लोगों से उपस्थिति की अपील संरक्षक केपी साहू ने की है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सीएम को रामनामी बड़े भजन मेला का न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार को राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ रामनामी रामराम भजन संस्था के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सक्ती जिले के जैजैपुर नगर पंचायत में आयोजित रामराम बड़े भजन मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर राम सिंह रामनामी, तिहारु राम रामनामी, केदार खांडे, अशोक बघेल तथा संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

### सांसद सोनी ने किया सौंदर्यीकरण का लोकार्पण



**रायपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड कचना में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अटल चौक का सौंदर्यीकरण व हमर कचना लाइट बोर्ड तथा नेकी की दीवार का लोकार्पण सांसद सुनील सोनी व धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा, पार्षद गोपेश, राकेश यादव एवं रोबिन साहू द्वारा किया गया। इसी दौरान सांसद श्री सोनी ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और उसके लाभ को जनता को बताया। साथ ही वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने आंगनबाड़ी में पंखा वितरण किया।

### जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण की समीक्षा बैठक



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी मैदान कांग्रेस भवन में मासिक बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के 138वीं स्थापना दिवस पर नागपुर में होने वाला सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होने, कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर जिला व ब्लॉक मुख्यालय में ध्वजारोहण करने और डोनेट फॉर देश के लिए राशि इकट्ठी करने के संबंध में चर्चा की गई। साथी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि विधानसभा व लोकसभा के चुनाव में वीवीपैट की गिनती किया जाए। सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समिति गठन करने निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री दीपक दुबे, महामंत्री गंभीर ठाकुर, पंकज शर्मा, नंदलाल देवागन, योगेंद्र सोलंकी, कृपाराम निषाद आदि उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता सरगुजा यात्रा निकाली

**रायपुर।** प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज के नेतृत्व में सरगुजा संभाग में यादवीय एकता अखंडता के लिए तीन दिवसीय 16 से 18 दिसंबर तक सामाजिक समरसता सरगुजा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ से यादव शामिल हुए। यात्रा को प्रारंभ दुर्ग बस स्टैंड से विधायक गजेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# पुलिस के हजारों पदों पर भर्ती के लिए नए सिरे से आवेदन, 1 जनवरी से ऑनलाइन लिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस में छह हजार से अधिक आरक्षकों के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया नए सिरे से होगी। पूर्व में जारी भर्ती प्रक्रिया के तहत लिए गए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पुलिस मुख्यालय ने अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। अब नए सिरे से 1 जनवरी 2024 से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक रखी गई है।

**जिला पुलिस बल के हैं 5 हजार 967 पद**

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती के 5 हजार 967 पदों पर भर्ती के लिए पूर्व सरकार के कार्यकाल में 4 अक्टूबर को विज्ञापन जारी किया गया था। इस विज्ञापन में इच्छुक अभ्यर्थियों से 20 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे थे, लेकिन अब पुलिस मुख्यालय ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए इस ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब इन पदों के लिए नए सिरे से आवेदन लेने की तारीख तय की गई है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक रखी गई है।

## पिछली सरकार में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया स्थगित




### सशस्त्र बल में 133 पदों पर भर्ती

*पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के आरक्षक बैंड, आरक्षक श्वान दल, सहायक प्लाटून कमांडर नर्सिंग, मेल नर्स, फीमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, कंपाउंडर, ड्रेसर, सीधी भर्ती के 133 पदों के लिए भी 6 अक्टूबर से प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इस विज्ञापन के संबंध में राज्य के स्थानीय निवासियों से 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। पुलिस मुख्यालय ने यह भर्ती प्रक्रिया भी अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित की है। अब इन पदों के लिए भी नए सिरे से आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए भी 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक का समय रखा गया है।*

### मुख्यमंत्री ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की स्मृति नई पीढ़ी में गौरव का भाव भरेगी

# अपनी जान पर खेलकर दूसरों की जान बचाने वाले वीर बच्चों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

- वीर बालक-बालिकाओं को राज्य शासन की ओर से 50-50 हजार देने की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के राज्य अतिथि गृह पहुना में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 4 वीर बालक-बालिकाओं को उनके साहसिक व वीरतापूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कोरबा के अमर ज्योति जाहिरे, महासमुंद की छाया विश्वकर्मा, धमतरी की जानवी राजपूत और धमतरी के भामेश्वरी निर्मलकर को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की और राज्य शासन की ओर से चारों वीर बालक-बालिका को 50-50 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की।

गौरतलब है कि 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादों की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वीर बाल दिवस के अवसर पर बलिदानी 4 वीर साहिबजादों को नमन करते हुए कहा, उनकी शहादत हमें प्रेरित करती है। वीर साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देना स्वीकार किया। उन्होंने सम्मानित चारों वीर बालक-बालिकाओं के साहसिक कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा, जान की परवाह किए बिना इन बच्चों ने अपने परिजनों व साथियों का जीवन बचाया है।

**अदम्य साहस से प्रेरणा मिलेगी- सक्सेना :** छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संरक्षक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि हम लगातार दूसरे वर्ष वीर बालकों का सम्मान कर पा रहे है। बच्चों ने अपनी बुद्धिमता, सक्रियता और साहस का परिचय देते हुए अपनों की जान बचाई है। निश्चित ही अन्य बच्चों को भी इनके अदम्य साहस से प्रेरणा मिलेगी।

**हमारे गुरुओं ने सिखाई शहादत- अमरीक :** सिख ग्रंथी अमरीक सिंह ने उन साहिबजादों का जीवन परिचय दिया, जिनकी स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि हमारे गुरुओं ने हमें शहादत सिखायी है और आज भी धर्म की रक्षा के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने वीर बालक-बालिकाओं को बधाई दी।

### मुख्यमंत्री ने शदाणी दरबार में टेका मत्था



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मंगलवार को पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में शदाणी शिरोमण्डल और रायपुर सिंधी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने जय-जय सदाराम घोष के साथ कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे यहां आने और पूज्य गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, शदाणी दरबार आध्यात्मिक शक्ति का केन्द्र है और जो भी यहां सच्चे मन से मत्था टेकता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने कहा, शदाणी दरबार के आशीर्वाद से ही मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है। मैं यह प्रार्थना करता हूं कि शदाणी दरबार मुझे इतनी शक्ति दे कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनाव के समय की गई गारंटियों को शत-प्रतिशत पूरा कर प्रदेश की जनता के अटूट विश्वास पर खरा उतर सकूं। उन्होंने समाज द्वारा किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने शदाणी दरबार पहुंचकर सबसे पहले संत सदाराम की समाधि पर जाकर मत्था टेका और शदाणी दरबार में धुनी वाले महादेव साहेब की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर शदाणी दरबार तीर्थ के प्रमुख संत युधिष्ठिर लाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, अमित चिमनानी, शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी, डॉ. भीष्म शदाणी, सिंधी समाज के विभिन्न फोरम के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित थे।*

## भाजपा सरकार हसदेव अरण्य में पेड़ कटवा रही



*रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जब विधानसभा के चुनाव हो रहे थे, तब राहुल गांधी ने कहा था ईवीएम पर बटन कमल का दबेगा, तो वीवीपैट से अडानी निकलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यह कथन सत्य साबित होने लगा है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को संवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौंपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी, हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी सरकार के पाप को छुपाने के लिये कहते हैं, हसदेव में कटाई के आदेश पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिये थे। हकीकत यह है कि यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृति केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था। कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था। केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31 अक्टूबर 2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माइंस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था। राज्य सरकार ने लेमरू एलिफेंट कारीडोर में आवंटित कोयला खदानों के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प पारित किया था। भाजपा सरकार के बनते ही हसदेव में वन की कटाई से इस सरकार की नीयत और भविष्य की कार्ययोजना की स्पष्ट झलक है।*

## शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग, मुख्यमंत्री साय से मिले अतिथि शिक्षक



*रायपुर। विद्या मितान राज्य अतिथि शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विद्या मितान अतिथि शिक्षकों के शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग करते हुए संबंधित दस्तावेज सौंपे। प्रदेशभर के राज्य अतिथि शिक्षक शिक्षा विभाग में संविलियन की लंबित मांग को लेकर मुखर होने लगे हैं। प्रदेश में नई सरकार बनते ही राज्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र दास वैष्णव, उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष किरण तिवारी, सचिव राकेश राय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी लंबित मांग के प्रति आकर्षित करते हुए बताया, साल 2016 में बस्तर और सरगुजा के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने विद्या मितान शिक्षक की व्यवस्था की गई। वर्ष 2019 में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणापत्र में विद्या मितान राज्य अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का वादा किया, पर नियमितीकरण न करके मात्र स्थायित्व प्रदान किया गया।*

## आयोग के गठन से सेवाभावी कार्यों को मिलेगी गति

रायपुर। नगर की सामाजिक संस्थाओं ने मंगलवार को सामाजिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रमुखों, महिला प्रमुखों और समाजसेविका शामिल हुए। इस मौके पर सिंधी समाज की महिलाओं की संस्था 'सुहिणी सोच' की माही बुलानी ने कहा कि समाजसेवा के कार्य सभी संगठन और संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर करते हैं। इसके सकारात्मक परिणाम तो आते हैं, लेकिन उस स्तर पर नहीं, जिसकी उम्मीद की जाती है। महाराष्ट्र मंडल की पहल पर सरकार आयोग का गठन करती है तो सामाजिक कार्यों को गति मिलेगी। नगर की सामाजिक संस्थाओं ने महाराष्ट्र मंडल के प्रस्ताव को सराहनीय बताया और कहा कि समाजसेवी संगठनों के आयोग गठन से सेवाभावी कार्यों को गति मिलेगी। इससे सेवा का सही लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच सकेगा। महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि मंडल अध्यक्ष अजय काले ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें सामाजिक संस्थाओं के आयोग गठन को लेकर चर्चा की और लिखित प्रस्ताव भी दिया। वहीं विभिन्न समाजों के प्रमुखों, महिला प्रमुखों ने मंडल के इस प्रस्ताव की सराहना की है। सभी संस्था प्रमुखों का कहना है कि नया सामाजिक आयोग बनने से प्रदेश में जागरूकता अभियान के सार्थक नतीजे निकलेंगे।



# दो पाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर केंद्र की योजनाओं से अवगत हुए वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन नगर निगम के जोन 8 स्थित दो वार्डों में मंगलवार को किया गया। इस मौके पर माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा स्थित गिरिजाशंकर स्कूल में पहली पारी में लगाए गए शिविर में लोगों ने पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना का हितग्राही बनने शिविर स्थल पर निर्धारित फार्म में आवेदन जमा कराए। दूसरी पाली में संत रविदास वार्ड के सरोना स्थित सामुदायिक भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, वार्ड पार्षद बीरेंद्र देवांगन, राजेश सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद ओंकार बैस प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

केंद्र की योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों तक पहुंचाने और आम जनता को जनहितैषी कार्यक्रमों की जानकारी देने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन वार्ड 69 और वार्ड नंबर 70 में किया गया। इस मौके पर दो पाली में लगाए गए शिविरों में 1685 नागरिकों का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सक परामर्श के साथ दवाइयां वितरित की। बीपी, शुगर और आंखों की जांच कराने लोग कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचे। बारी-बारी से शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की।



### पीएम विश्वकर्मा योजना के 775 हितग्राही लाभान्वित

माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा स्थित गिरिजाशंकर स्कूल और सरोना के सामुदायिक भवन में पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े 775 हितग्राहियों को पारंपरिक व्यवसाय बढ़ाने ऋण की राशि प्रदान की गई। शिविर स्थल पर लोगों ने अपनी सफलता से जुड़े अनुभव साझा करते हुए मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपनी सफलता की कहानी सुनाई। दो अलग-अलग वार्ड में 111 लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा क्विज में भाग लेने उत्साह दिखाया।

### आधारकार्ड में संशोधन और आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे

रायपुरा, अमलेश्वर सहित आसपास की कालोनियों से लोग परिवार के साथ आधारकार्ड में नाम जुड़वाने और संशोधन कराने शिविर स्थल पर पहुंचे। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाए गए स्टाल पर भी लोगों की भीड़ नजर आई। निर्धारित फार्म के साथ आवश्यक जानकारी लेकर स्पाट पर ही नए आयुष्मान कार्ड बनाने की औपचारिकता पूरी की गई। शिविर में निराश्रित, विधवा, दिव्यांग और परिवार सहायता योजना के तहत पेंशन पाने आवेदकों को आनलाइन फार्म भराए गए। इसके साथ पीएम उज्ज्वला योजना के हितग्राही भी शिविर में शासन की योजना का लाभ उठाने पहुंचे।

शिविर में नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर टावरे, सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव सहित जिला प्रशासन, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विश्व बैंक परियोजना : सात निकायों ने जीआईएस बेसमैप का नहीं कराया अप्रूवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- प्रदेश के 46 निकायों में चल रहा है सर्वे
- दो निगम, पांच परिषद का काम अधूरा

छत्तीसगढ़ में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत 46 नगरीय निकायों में संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जी ए स आ ई मैप एवं डिजिटल डोर नंबर लगाने का काम किया जा रहा है। यह काम वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूरा किया जाना है, लेकिन राज्य के सात नगरीय निकायों ने इस कार्य से संबंधित जीआईएस मैप का अप्रूवल अब तक नहीं कराया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इन निकायों से कहा है कि पांच दिनों के भीतर ये काम पूरा करें।

### ये है विश्व बैंक परियोजना

विश्व बैंक परियोजना के तहत राज्य में निकाय की सीमा, वार्ड की सीमा, लैंडमार्क, मेजर रोड, माइनर रोड, पानी टंकी, तालाब, हास्पिटल आदि का जीआईएस बेसमैप तैयार किया जाना है। क्रियान्वयन एजेंसियों ने यह काम पूरा करने के बाद हार्डकापी और सॉफ्टकॉपी संबंधित निकायों में जमा कराई है, लेकिन निकाय को इसका परीक्षण करना है। बताया गया है कि राज्य के सात निकायों ने अब तक जीआईएस बेस मैप का एप्रूवल का काम पूरा नहीं किया है।

### इन निकायों का काम अधूरा

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने इस मामले में उन निकायों को निर्देश जारी किया है, जहां काम अधूरा है। इन निकायों से कहा गया है कि वे पांच दिनों के भीतर जीआईएस बेस मैप का काम पूरा करें, ताकि विश्व बैंक परियोजना का काम समय पर पूरा किया जा सके। जिन निकायों का काम अधूरा है, उनमें नगर पालिका निगम धमतरी, भिलाई चरोदा, नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार, भाटापारा, कुम्हारी, दीपिका और मनेंद्रगढ़ शामिल हैं।

### राष्ट्रीय रैली के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में बनी रणनीति

# नागपुर रैली में छत्तीसगढ़ से जाएंगे हजारों कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में 'हैं तैयार हम' राष्ट्रीय रैली के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में नागपुर की महारैली के संबंध में तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। छत्तीसगढ़ से 25000 से अधिक कांग्रेसी रैली में शमिल होने जायेंगे।

कांग्रेस स्थापना के 138 साल पूर्ण होने पर होने वाली रैली को सफल बनाने कांग्रेसी अपने-अपने साधनों से नागपुर जाएंगे। बताया गया है कि रैली में शामिल होने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 27 दिसंबर को यहां से नागपुर रवाना होंगे। सभी से अपील की गई है कि अपने-अपने साधनों से वहां पहुंचें। बैठक में समन्वयक डॉ. शिवकुमार डहरिया, मोहम्मद अकबर शामिल हुए। सदस्य मलकीत सिंह गैदू, गुरुमुख सिंह होरा, अरुण सिंघानिया, गिरीश देवांगन और सुबोध हरितवाल उपस्थित थे।

### शहर जिला और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता जाएंगे

इधर कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर नागपुर में होने वाली विशाल रैली की तैयारी को लेकर शहर कांग्रेस ने कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आवश्यक बैठक की। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर 28 दिसम्बर को नागपुर में दोपहर 2 बजे विशाल रैली होगी। बैठक में रायपुर शहर विधानसभा प्रभारी महेंद्र गंगोत्री ने रैली को सफल बनाने शहर के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को बड़ी संख्या मे पहुंचने व रैली को सफल बनाने की अपील की। शहर अध्यक्ष द्वारा सभी ब्लॉक अध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि अपने अपने ब्लॉकों से बड़ी संख्या में नागपुर रैली में पहुंचे।

## जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आकाशवाणी की झुग्गी बस्ती में मंगलवार को ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी ने कहा, सिंधी काउंसिल लगातार हर जरूरतमंद को जरूरी वस्तुएं उपलब्ध कराता रहता है। अभी ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया जा रहा है। यह कंबल वितरण कांतादेवी सवानी रायपुर, हरिराम सिदारा बिलासपुर, हीरालाल पंजवानी रायपुर की स्मृति में किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि लगातार चार दिन तक अलग-अलग झुग्गी बस्तियों में कंबल वितरित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मोदी की गारंटी में हुआ धान बोनस राशि वितरण



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर 25 दिसंबर को धान का बकाया बोनस राशि वितरण किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बोनस वितरण करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड में पहले निःशुल्क इलाज की सुविधा पांच लाख रुपए थी। इस साल 10 लाख रुपए की घोषणा की।

### 24 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 6 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड बागबाहरा के ग्राम अनवरपुर के मृतक भगवती दीवान, ग्राम बिहाझर के मृतक उमंग सिन्हा के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बिरकोनी के मृतक रिंकू संवरा, पिथौरा विकासखंड के ग्राम बरेकेल के मृतक जयलाल ठाकुर एवं विकासखंड बागबाहरा के ग्राम बैहाडीह की मृतिका ममता चक्रधारी तथा आग में जलने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड के ग्राम घुंचापाली की मृतिका थानवरीन बाई के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### रामचंडी कॉलेज का एनएसएस शिविर आयोजित

**सरायपाली।** राष्ट्रीय सेवा योजना रामचंडी महाविद्यालय के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के तहत गांव का मंदिर परिसर, तालाब का पचरी घाट, प्राथमिक शाला एवं गली मोहल्ले की साफ-सफाई किया गया। साथ ही जागरुकता रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग सरायपाली से राजकुमार पटेल लैब टैक्निशियन द्वारा सिकलिन की जानकारी दी गई। एचआईवी एड्स की जानकारी हेमचंद मांझी ने दी। शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवकों का व एचआईवी एड्स टेस्ट भुवनेश्वर पटेल लैब टेक्नीशियन ने किया। शिविर प्रभारी भरत कुमार प्रधान, दलनायक रोहित राणा व उपदल नायक सुमन का अग्रणी योगदान रहा।

**शिविर : लभराखुर्द में लगाए गए विकासखण्ड स्तरीय शिविर**

# निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में कुल 697 का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन संचालनालय आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी महासमुंद के मार्गदर्शन में पंचायत भवन लभरा खुर्द में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ सरपंच लभराखर्दु चित्ररेखा तांडे की अध्यक्षता में किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रवीण चंद्राकर एवं शिविर प्रभारी डॉ अशफ़ाक अहमद (यूनानी चिकित्सा अधिकारी) की उपस्थिति में भगवान धनवंतरी के पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा नगरवासियों को आयुष चिकित्सा के बारे में संबोधन किया गया। उक्त शिविर में कुल 697 लोगों का उपचार किया गया। जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा के 513, होम्योपैथी के 102, यूनानी 82 मरीजों का इलाज किया गया। लोगों को योग चिकित्सक डॉ बबीता भगत द्वारा व्याधिनुसार योग परामर्श दिया गया। उक्त शिविर में लगभग 307 लोगों को आयुष काढ़ा वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ नेहा विक्टर एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों में डॉ सर्वेश दुबे, डॉ देवेंद्र कुंजाम, डॉ श्रृष्टि चंद्राकर, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ टंकेश्वरी मिश्रा, यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पा साहू, फार्मासिस्ट में नरेश देवांगन, अरूण कुमार दीवान, पंच कर्म सहायक राजेश्वर प्रसाद वर्मा, नर्सिंग सिस्टर मेरी रोज खाखा, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ललिता ठाकुर, औषधालय सेवक खोमन साहू, सुशील कुमार ध्रुव, दुष्यंत निषाद का विशेष योगदान रहा। साथ ही प्रत्येक गुरुवार को सभी आयुष संस्थाओं में संचालित सियान जतन क्लीनिक कार्यक्रम में बुर्जुग महिला पुरुष का आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा से उपचार कर प्रत्येक गुरुवार को आयुष संस्थाओं में जाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उप सरपंच सुरेखा कन्नौजे, पंच योगेश धीवर, मनोज ध्रुव, गोपाल धीवर, लक्ष्मण साहू, देवकी यादव, लता ध्रुव, लता साहू, सुनीता कुर्रे, कमला साहू एवं प्रतीक चंद्राकर मौजूद थे।

# जिले में 10 तक चलेगा निर्मल आंगनबाड़ी अभियान, कलेक्टर ने किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों को निरीक्षण की दी गई जिम्मेदारी, 10 तक चलेगा मुहिम



जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वच्छ, सशक्त और व्यवस्थित बनाने व स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्मल आंगनबाड़ी अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक पहल की गई है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने अभियान की शुभारंभ करते हुए इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों को आवश्यक निरीक्षण की जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में समय सीमा की बैठक में निर्मल आंगनबाड़ी अभियान की रूपरेखा प्रोग्राम मैनेजर महेंद्र आर्य द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। जिले में यह अभियान 10 जनवरी तक चलेगा। इस अभियान में सरपंच, सचिव की मुख्य भूमिका रहेगी, जो कि अपने ग्राम पंचायत के केंद्रों में हो रहे बदलाव के निरीक्षण एवं क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी सप्ताह में कम से कम एक बार आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने कहा है।

महासमुंद जिले में एस्पिरेशनल भारत कॉलेबोरेटिव आकांक्षी जिला नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के माध्यम से स्वस्थ ग्राम पंचायत थीम के अंतर्गत निर्मल आंगनबाड़ी अभियान 17 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया था। जिसके माध्यम से महासमुंद विकासखंड के 32 आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर, आकर्षक, स्वच्छ बनाने का प्रयास किया गया है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग मिला। पंचायत के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजनों ने भी इस अभियान की सराहना की। प्रथम चरण में समुदायों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय सहित पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर महेंद्र आर्य, प्रोग्राम लीडर रिचा साहू और यास्मीन मेमन मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा अभियान का बुकलेट जारी किया गया।

# अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए पुरस्कृत होंगे बच्चे

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार द्वारा 2 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। राज्य वीरता पुरस्कार के तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 पच्चीस हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु 2023 के लिए प्रविष्टियॉ आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक–बालिकाएं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य अद्भूत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगे। अपूर्ण अथवा ऐसे आवेदन पत्र जो सक्षम प्राधिकरण एवं जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाणित, सत्यापित न हो अथवा जिसके साथ आवश्यक सहायक अभिलेख ना हो विचारणीय नहीं होंगे। आवश्यक अर्हताएं– बालक-बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का कार्य किया गया कार्य, घटना दिनांक को बालक–बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो, शौर्य कार्य की अवधि 1 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 के मध्य हो, आवेदन पत्र सक्षम प्राधिकारी क्र. 1 व 2 तथा जिला कलेक्टर द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है। आवश्यक प्रमाण–पत्र– एफआईआर की प्रति अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने, जो इस बाबत प्रकाशित हुआ। बालक–बालिकाएं के दो पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटोग्राफ, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित, 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो। घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा में संपर्क कर सकते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता के लिए 18 मंडल संयोजकों की नियुक्ति

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी की सहमति से जिले के विभिन्न 18 मंडलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता एवं विस्तार के लिए मंडल संयोजकों की नियुक्ति की है। एवं उनसे आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस यात्रा के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाएं एवं उनके संकल्प को पूरा करें।



डा. चोपड़ा ने मंडल संयोजकों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने मंडल में यात्रा के दिन की जानकारी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लेकर कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना संबोधन दें एवं यात्रा का उद्देश्य बताएं। साथ ही क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित करें। कार्यक्रम की सफलता के लिए शासकीय तौर पर जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क बनाएं एवं अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करें। 18 मंडलों में महासमुंद शहर मंडल से मोहन साहू, महासमुंद ग्रामीण मंडल लक्ष्मीकांत तिवारी, तुमगांव-सिरपुर मंडल मोती साहू, झलप-पटेवा मंडल धर्मेश शुक्ला, बागबाहरा शहर मंडल हरमीत बग्गा, बागबाहरा ग्रामीण हरीश दीवान, कोमाखान मंडल दुबेलाल साहू, पिथौरा ग्रामीण मंडल छबीराम पटेल, खल्लारी मंडल थानसिंह दीवान, गढ़फुलझर मंडल जितेंद्र त्रिपाठी, बलौदा मंडल नीलांबर तांडी, पिथौरा शहर मंडल प्रेमशंकर पटेल, सांकरा मंडल सतपाल सिंह छाबड़ा, बसना मंडल रमेश अग्रवाल, पिरदा मंडल राजकुमार पटेल, सरायपाली मंडल प्रमोद सागर, भंवरपुर मंडल उत्तर कुमार निषाद, केदुवां मंडल से जलांधर प्रधान को संयोजक बनाया गया है। डॉ चोपड़ा ने बताया कि मंडल संयोजकों की बैठक आगामी 30 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पिथौरा रेस्ट हाउस में रखी गई है। जिसमें यात्रा के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। डॉ विमल चोपड़ा ने समस्त मंडल संयोजकों से उपस्थिति की आग्रह किया है।



### झलप में मनाया गया वीर बाल दिवस

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी झलप पटेवा मंडल के नेतृत्व में गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के शहीदी को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। भारत के प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय शहीद वीर बाल दिवस घोषित किया गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी, दिलीप सिंग ज्ञानी, शम्मी सलूजा, बलविंदर सिंग सीटू ने बताया कि झलप सिख समाज के प्रबुद्धजनों ने मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, धर्मेश शुक्ला, धरम पटेल, ललिता अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर, कुलजीत सिंह सलूजा, राकेश साहू, शम्मी सलूजा, हनी गंभीर, सीटू सलूजा, दिलीप सिंह सलूजा आदि मौजूद रहे।

# नकुलदेव ढीढी की प्रतिमा स्थल के संरक्षण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छग सतनामी मुक्ति केंद्र का महाअधिवेशन दादा नकुलदेव ढीढी प्रतिमा स्थल तुमगांव चौक में आयोजित किया गया। बैठक में त्रिभुवन महिलांग (पूर्व उपाध्यक्ष नपा महासमुंद) की अध्यक्षता में समाजसेवी संजय ढीढी (पूर्व विधायक आरंग) की उपस्थिति में दादा नकुलदेव ढीढी की प्रतिमा स्थल के संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र महासमुंद के संगठनात्मक संरचना के संबंध में चर्चा की गई। सदस्यता के लिए प्रत्येक जिले, ब्लाक, ग्राम स्तर पर सदस्य जोड़ने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में वीरेंद्र ढीढी, एस चंद्रसेन, जीपी कुरील, हीरा बंजारे, बंधन जांगड़े, महेंद्र कोसरिया, हीरा जोगी, नानाजी बाघमारे, विजय बांधे, भागवत जोगी, सत्यानंद जेंड्रे, ईश्वरी जेंड्रे, भवन ढीढी, दसरु जेंड्रे, सत्यभान जेंड्रे (ज.स.), संतोष मारकंडे, असवंत मन्नाडे, सुखनंदन डहरिया, गुलाब साय, भुनेश्वर मार्कण्डे, श्यामलाल मन्नाडे, हर्षप्रताप, अनिल ढीढी, एसएल सोनी, रंजीता घनश्याम जांगड़े (ज.स.), अश्वनी सचिन गायकवाड (ज.स.), नरेंद्र ढीढी, केशव कोसरे, राजकुमार आंवले, सत्यप्रकाश साय, छोटेलाल टंडन, ज्ञानदास बांधे, नरोत्तम खुटे, मनीष ढीढी, प्रकाश टंडन, अवधराम गोयल, छबिलाल कुर्रे, सतेन्द्र बंजारे, मेलाराम बंजारे,परस जोगी, संतराम मन्नाडे, हेमलाल लहरे, बीरसिंह, तुलसी राम, हिच्छाराम टंडन, गुणनिधी बघेल, राजीव टंडन, प्रवीण नेहरू, पुनीत टंडन, रंजित चतुर्वेदी, परस जोगी, हितेंद्र ढीढी, मनोज टंडन, अश्विनी टोन्ड्रे, सत्य प्रकाश साय, पोषण बघेल, अशोक मन्नाडे, शिशुपाल बर्मन, सियाराम कुर्रे, पंकज डहरिया, राजकुमार आंवले, प्रितपाल नेहरू, सुरेश मारकंडे आदि मौजूद रहे।

### अब तक 61 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

16 दिसंबर से प्रारंभ हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा 25 दिसंबर तक 61 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। इन ग्राम पंचायतों में जागरुकता वैन एवं शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों से मौके पर ही आवेदन लेकर योजना का लाभ दिया गया। जानकारी के अनुसार इन शिविरों में 61108 ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। इन शिविरों में 12946 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभ लिया। इसी तरह टीबी के 10382 मरीजों की जांच, सिकल सेल के 8928 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

# भागवत कथा में गिनाये गए भगवान के दिव्य ज्ञान का संदेश



**कसडोल।** विकासखंड के ग्राम सेल में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सप्तम दिवस आचार्य पं. अनिल शुक्ला ने भगवान के विविध लीला चरित्र का विस्तृत वर्णन किया। उनके द्वारा भगवान का कुरूक्षेत्र में ग्रहण स्नान व वासुदेव यज्ञ संपादित करने की कथा सुनाई, जिसके द्वारा भगवान की दिव्य ज्ञान का संदेश दिया गया कि वह यज्ञ नहीं जिसमें भेदभाव हो यज्ञ वहीं श्रेष्ठ जहां समस्त जीव धारियो के लिए समान भाव हो।

उन्होंने कहा भगवान द्वारा अपने ही परिवार को पृथ्वी का भार न बन जाए सोच कर दुर्वासा ऋषि से श्रापित करवाने की गाथा सुनाई गई। साथ साथ इस समाचार को सुनकर उद्धव के दुखित अवस्था को दूर करने के लिए भगवान द्वारा दत्तात्रेय के चौबीस गुरूओं की कथा का वर्णन सुनाया। आचार्य ने बताया कि जीव के लिए कोई चौबीस गुरु है तो उसका शरीर ही है जो चौबीस तत्वों से बना हुआ है और जीव का कोई सद्गुरु है तो उसकी आत्मा ही है जो जीव को हर क्षण सुधार का ज्ञान देते रहता है। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत में परिवार के सदस्य भुवनेश्वर चंद्रा, सुशील साहू, भोलाशंकर साहू, राधेश्याम जायसवाल, गनपत देवांगन, उत्तमलाल देवांगन, ईश्वरी प्रसाद देवांगन, होरीलाल जायसवाल, कार्तिकेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

### अवैध कारोबार पर कार्रवाई को लेकर चर्चा

**महासमुंद।** सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं उपपुलिस अधिक्षक आकाश राव गिरपुंजे से मिलकर जिले में चल रहे अवैध कारोबार के संबंध में चर्चा की। और कहा कि आज भी अवैध कारोबारी माफिया अवैध कार्य कर रहे हैं, जिस पर एसपी व एडिशनल एसपी ने कहा कि आबकारी विभाग सहित अन्य विभाग में अवैध रूप से कार्य चल रहा है, उसके लिए हम तैयार है और सूचना मिलने पर कार्रवाई कर रहे है। अन्य विभाग की अपनी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करे तो अवैध व्यवसाय पर अंकुश लग सकता है। मोहन और पवन साहू ने कहा कि अन्य विभाग के अधिकारी अवैध कारोबारियों के साथ संलिप्त होने के कारण अवैध कार्य को बंद नहीं कर रहे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 भटगांव, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

प्रो. क्रमांक- 1239/23,
व्य.वाद क्र.- 20 अ / 2015,
पेशी तारीख - 16.01.2024

सोनाराम .......वादी

बनाम

डहारू वगैरह .......प्रतिवादीगण

यह कि वादी ने इस न्यायालय में एक व्य. वाद वास्ते घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा, हिस्सा एवं हिस्से का पृथक कब्जा हेतु प्रतिवादीगण के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है, उक्त मामले की सुनवाई पेशी दिनांक 16.01.2024 को दिन 10:30 बजे इस न्यायालय में होगी।

आप लता बाई पति सोनाराम जाति सतनामी उम्र 45 वर्ष निवासी खम्हारडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को इस मामले में अपना पक्ष रखना होगा या कोई आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख को स्वयं या किसी अधिकृत व्यक्ति या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है और अगर नियत पेशी तारीख को आपके द्वारा कोई उपस्थिति/ आपत्ति नहीं किया जाता है, तो आपके विरूद्ध में एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा ।

नोट- यदि किसी कारणवश नियत पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 22/12/2023 को न्यायालय के मुहर व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 भटगांव,
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**पेज 09 के शेष ...**

### गुरु घासीदास जयंती ...

सामंतियों का अन्नयाय अत्याचार को समाप्त कर मानव–मानव एक समान का संदेश दिया था। इनसे समाज के लोग बहुत ही प्रभावित थे। दिव्या दिवाकर ने बताया कि यह त्योहार सब धूमधाम से मनाते हैं, पालो चढ़ाते हैं, जिसमे नया झंडा लगाते हैं बाबा जी की आरती करते हैं नारियल, रोठ, चावल, गेहूं, आटा से बनाए पंचमेवा मिलाकर गुड़-शक्कर से बनाए गए प्रसाद चढ़ाते हैं। 18 दिसंबर से शुरू होकर दिसंबर तक मानते हैं।

### छात्रों ने जाना जलवायु...

पूर्वक बताए, जिसमें सड़क चिन्ह, सेन्टर लाइन, सड़क संकेत, ट्रैफिक पुलिस मैनुअल संकेत एवं विद्युत संकेत जैसे अनेक आवश्यक जानकारी दी। साथ–ही साथ, आज ग्रामीणों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें निःशुल्क दवाई वितरण, निःशुल्क जांच का कार्य किया गया। इस शिविर में ग्राम परसदा (क) के सरपंच मिथलेश साहू, समस्त पंचगण, ग्राम के वरिष्ट नागरिकों एवं कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अमर बर्मन व समस्त स्वंयसेवी छात्र – छात्राएं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची को ममता ने किया रक्तदान

**धमतरी।** जिला अस्पताल में भर्ती थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची को कचना की ममता ने अपना ब्लड दिया है। रक्तदान के लिए किया जा रहे शिविर व जागरूकता कार्यक्रम के चलते अब महिलाएं भी रक्तदान करने में आगे आ रही हैं। रक्तदान की महत्ता को समझते हुए नारी शक्तियां भी जरूरतमंदों मरीजों को ब्लड डोनेट करने में किसी से पीछे नहीं हैं। इसे कचना नवागांव की ममता ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची को रक्तदान कर साबित किया है। मगरलोड निवासी 13 वर्षीय नेहा निषाद थैलेसीमिया से पीड़ित है। इस बीमारी के चलते बच्ची को प्रत्येक महीना ब्लड लगना रहता है। इसी सिलसिले में नेहा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी बीच ग्राम कचना नवागांव निवासी ममता कुर्रे रोजगार पंजीयन कार्यालय पहुंची थी। वह काफी समय से रक्तदान करने के लिए प्रयासरत थी। बच्ची के बारे में जानकारी होने पर ममता ने समय निकालकर जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। वहां उपस्थित शिवा प्रधान व समस्त रक्तदान ग्रुप ने नारी शक्ति के रक्तदान की दिशा में अग्रणी होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

### अनुशासनहीनता : 3 शिक्षक निलंबित, 5 का वेतन रोका

**धमतरी।** अनुशासनहीनता के चलते तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पांच शिक्षकों का वेतन भी रोका गया है। यह कार्रवाई निरीक्षण के बाद अनुशासनहीनता पाए जाने पर की गई है। पिछले साल आए निराशाजनक रिजल्ट देखते हुए अधिकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने की कोशिश शुरू कर दी है। इसी के तहत लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। विगत दिनों जिला शिक्षाधिकारी ब्रजेश बाजपेयी, खंड शिक्षाधिकारी अमित तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण किया।

### निधन

#### सुखबती बाई कश्यप

**भाटापारा।** कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा के कर्मचारी बाल गोविंद कश्यप की माता रीमती



सुखबती बाई कश्यप 94 वर्ष का 26 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम अर्जुनी में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन सहित ग्रामीण व मंडी भाटापारा के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वह कुणाल कश्यप की दादी थीं।

# सुशासन दिवस पर नगर पालिका में हुई काव्य और विचार गोष्ठी

## अतिथियों ने वाजपेयी जी के विचारों को गिनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर पालिका में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका में स्व. बाजपेयी जी के जीवन वृत्त पर आधारित विषय पर कवि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कवि गोष्ठी एवं विचार गोष्ठी में आमंत्रित वक्ताणों द्वारा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी के जीवनी पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये व काव्य रचना का पाठ किया। मुख्य नगर पालिका अधिकरी भोला सिंह ठाकुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री ठाकुर द्वारा आमंत्रित अतिथियों एवं वक्तागणों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया।



### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

सुशासन दिवस कार्यक्रम में पार्षद संकेत शुक्ला, सुरेन्द्र जायसवाल, जितेन्द्र माहले, कमल भारद्वाज, कमल टण्डन, राजू सलुजा, गणेल जायसवाल, रोमी साहू, पूर्व पार्षद पोषण पटेल, सुखदेव साहू, अर्पित तिवारी, आकाश जायसवाल, उपअभियंता विनोद यादव, मुगल किशोर साहू, गणेश पाड़े, शतेन्द्र सिन्हा, सुरेन्द्र सोना, तुलसी राम यादव, कृष्णकांत कुर्रे, कृष्णा गेन्ड्रे, रजनीश मिश्रा, टिकेन्द्र द्विवेदी, सुनीता साहू, इन्दू साहू, बिना दीदी, ऐश्वर्या तिवारी, अजय टण्डन, अश्वनी तिवारी, दिलीप, मंशाराम, धनेश्वर महिलांगे सहित अन्य नागरिक एवं कर्मचारी उपस्थित थे

नगर पालिका कार्यालय में अयोजित कवि गोष्ठी एवं विचार गोष्ठी में नगर के वरिष्ठ अभिवक्ता भूपेन्द्र प्रताप सिंह ठाकुर, प्रो. डॉ. उमाकांत मिश्र, एस.एम. पाध्ये, रामाधार पटेल, खोड्स राम कश्यप द्वारा स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी पर लिखी गई काव्य रचना एवं सुशासन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। नगर पालिका के कर्मचारी गुरुदत्त तिवारी द्वारा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी पर लिखी गई काव्य रचना प्रस्तुत की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर द्वारा सुशासन दिवस पर आमंत्रित वक्तागणों का साल, श्रीफल एवं प्रशस्ती पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

## सियासत : नवनियुक्त बसपा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टण्डन के स्वागत में निकाली बाइक रैली

# प्रदेश में बसपा की कमान संभालने कार्यकर्ताओं का सहयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसीवां



नवनियुक्त बसपा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टण्डन का बिलाईगढ़ विधानसभा में प्रथम अगमन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कार, बाइक की रैली निकालकर उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रथम पड़ाव ग्राम अमोदी जोक नदी मुख्य सड़क मार्ग पर दोपहर पहुंचते ही क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने श्री टंडन का भव्य स्वागत सत्कार किया। फिर हसुवा, टुण्ड्रा नगर पंचायत, गिधौरी बस स्टैंड, घटमडवा, टुण्ड्री डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा में माल्यर्पण, पवनी बस स्टैंड, बिलाईगढ़ नगर पंचायत में स्थापित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। बस स्टैंड चुरेला, भटगांव में भी प्रदेश अध्यक्ष टंडन का फूल मालों से स्वागत किया। बसपा कार्यालय भटगांव के समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं को बसपा अध्यक्ष श्याम टंडन ने कहा की बहन मायावती ने विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विगत चुनाव में जो कड़ी मेहनत कर अपना वोट बैंक को बरकरार रखा, उसके मद्देनजर रखते हुए मुझे और आप सबको पूरे प्रदेश की कमान संभालने की उन्होंने जो जिम्मेदारी दी है, उसे हम सबको पूरे दम खम के साथ निभानी होगी। चुनाव में भले ही हम हारे हैं, लेकिन आप सबकी बदौलत मिशन में हम जीते हुए हैं, चूंकि हमारे देश में जन्में संतों महापुरुषों तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर, कांशीराम का जो मिशन है उनके विचार को आगे बढ़ाने का आप सब ने जो काम किया है, वह बेहद प्रशंसनीय है और यहीं हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। बहनजी द्वारा जो समय-समय पर निर्देश जारी किए जाएंगे उसे पूरे विश्वास के साथ निर्वहन करना भी जरूरी होगा। विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के आप सबकी मेहनत से प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। यह कमान किसी अकेले की वश की बात नहीं है, आप सबको कारवां को आगे बढ़ाते रहना है। बसपा के वरिष्ठ नेता दयाराम खुराना ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समापन की घोषणा की।

# लक्ष्य निर्धारण से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसीवां

- संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' थीम पर एनएसएस शिविर में बच्चों को दिए टिप्स

'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' थीम पर इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष शिविर ग्रामीण अंचलों में संचालित है। ग्राम टांडीपार में आदर्श ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्द द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर में संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संयुक्त कलेक्टर भारद्वाज ने शिविर में बच्चों से कहा कि लक्ष्य निर्धारण से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने शिविर के बच्चों को कैरियर गाइडेंस, लक्ष्य प्राप्ति और कुपोषण के संबंध में ज्ञान प्रदान किया। इस अवसर पर अतिथि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ के सहायक शिक्षक वीरेंद्र जोल्हे ने बच्चों को सफल होने और सफलता के बारे में जानकारी प्रदान कर उत्साहित किया। इस अवसर पर उप सरपंच मनहरन जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल, आदर्श महिला कॉलेज सारंगढ़ के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहसराम साहू, प्राचार्य कमलेश साहू, शिक्षक गोपाल प्रसाद साहू, प्रभारी प्राचार्य तारणी सेन दीप, विक्रम कुर्रे, विनोद खाण्डे, लीना निषाद, पिंकी कौर, प्रीति बेहेरा, प्रतिमा डनसेना उपस्थित थे। एनएसएस शिविर की ओर से समस्त अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण में पहुंचे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसीवां

जिले के सारंगढ़ एसडीएम वासु जैन ने बरमकेला क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। केंद्रों में श्री जैन ने नमी मापक यंत्र में किसानों के धान की नमी जांच की और समिति प्रबंधक से टोकन, धान की खरीदी आवक और धान के खाद्य विभाग द्वारा धान उठाव (जावक) की जानकारी ली।



एसडीएम जैन ने किसानों से चर्चा कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या असुविधा हो तो मुझे अवगत कराएं। किसानों की मांग पर एसडीएम ने प्रबंधक को तत्काल समय पर तोल करने के निर्देश दिए। एक किसान ने एसडीएम से मोबाइल नंबर मांगा, तब एसडीएम ने सहज व्यवहार से किसान को अपना मोबाइल नंबर दिया।

श्री जैन नेबरमकेला क्षेत्र के ओडिशा राज्य से जुड़े सीमावर्ती क्षेत्र बड़े नावापारा, बिरनीपाली का निरीक्षण किया। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू और तहसीलदार आयुष तिवारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अवैध धान के आवागमन की रोकथाम के लिए सीमा के अंतिम छोर में नाका जांच चौकी स्थापित की गई है, जिसमें कर्मचारियों की तैनाती 24 घंटा रखी गई है।

# किसानों ने देखा ड्रोन से यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

- विकसित भारत संकल्प यात्रा में किसानों को दी गई उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी

जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अंतर्गत विकासखण्ड सारंगढ़ के ग्राम लेन्धा छोटे एवं गाताडीह में नवीन उन्नत कृषि तकनीक के तहत ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इसमें ग्राम लेन्धा के कृषक शिवचरण चक्रवर्ती ने 1 एकड़ मूंगफली फसल में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया। इसके बाद ग्राम गाताडीह के कृषक धनीराम साहू के एक एकड़ गेहूं फसल में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। इस कार्यक्रम में संभागीय संयुक्त संचालक कृषि, संभाग बिलासपुर से एमके चौहान उपस्थित थे। कृषि अधिकारियों द्वारा ड्रोन तकनीक तथा नैनो यूरिया के संबंध में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई और कृषकों के साथ कृषि चर्चा की। किसानों को कहा गया कि वे अपने



साथी किसानों को इस तकनीक के बारे में जानकारी दें,ताकि सभी इस तकनीक का उपयोग कर उन्नत कृषि से उपज का उत्पादन बढ़ाएं। कृषकों ने ड्रोन तकनीक से खाद, कीटनाशक तथा निंदानाशक के छिड़काव को बहुत ही उपयोगी बताया। इस अवसर पर जिले के उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि एसएल भगत, एके बनाफर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस. एक्का, मनहर, जेपी गुप्ता, प्रीति चन्द्रा एवं कमलेश कुमार पटवा उपस्थित थे।

# मनुष्य के जन्मों के पापों का क्षय करने भागवत कथा का श्रवण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

- कथाकार ने सुनाई वामन अवतार, राम अवतार, राजा हरिश्चन्द्र और कृष्ण जन्म उत्सव की कथ

ग्राम केसला में चल रहे भागवत कथा में रामायण चारों वेद के समान है। एक-एक चौपाई मंत्र के समान है। दोहा पड़ने से ही पूरा रामायण पढ़ने का लाभ मिलता है। रामायण की रचना होने के बाद उन्हें तीन लोग मांगने आ गए। देवता, साधु और मनुष्य। राम को अपने हृदय में बसा लो बाकी दुनिया को छोड़ दो। लंका में माता-सीता ने एक बार भी भोजन ग्रहण नहीं किया था। उक्त बातें ग्राम केशला में आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत



महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथावाचिक किशोरी सुमन मिश्रा ने कही। कथा प्रसंग में भगवताचार्य ने वामन अवतार, राम अवतार, राजा हरिश्चन्द्र और कृष्ण जन्म उत्सव की कथा सविस्तार बतायी तो भक्त भावविभोर हो उठे। कथाव्यास ने व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। प्रसंग में उन्होंने आगे बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धन संपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोह ग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते हैं तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। उन्होंने कहा कि देवताओं को डर सताने लगा कि राजा इन्द्र की गद्दी पर आसीन नहीं हो जाए। इस पर देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर याचिका लगाई। भगवान विष्णु ने वामन अवतार का वेश धरा और राजा बलि के पास पहुंचकर तीन पैर की जमीन मांग ली। राजा बलि ने यह वचन दे दिया और भगवान ने विशालकाय रुप लेकर तीनों पैरों में ही संसार को नाप लिया। वामन अवतार प्रसंग में भगवताचार्य ने बताया कि वामन विष्णु के 5वें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। इसके साथ ही यह विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे, जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रुप में प्रकट हुए। वामन ऋषि कश्यप तथा अदिति के पुत्र थे।







## नगर में 28 व 29 को विकसित भारत संकल्प यात्रा

**धमतरी।** विकसित भारत, हमारा संकल्प मोदी की गारंटी की गाड़ी नगर पालिक निगम धमतरी में 28 दिसंबर को प्रातः 8 से 12 एफ़सीआई मोड़ धर्मकांटा के समीप मनोज किराना स्टोर्स के बाजू स्थित मैदान नगरी सिहावा रोड में तथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक हटकेशर स्कूल खेल मैदान हटकेशर वार्ड व 29 दिसंबर को प्रातः 8 से 12 बजे तक इंडोर स्टेडियम आमा तालाब के पास आंबेडकर वार्ड तथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक एकलव्य खेल परिसर गोकुलपुर वार्ड धमतरी में दस्तक देगी। इस दौरान आम नागरिकों के लिए क्विज कम्पिटिशन भी कराई जायेगी। नागरिकों को त्वरित उपहार भी प्रदान किया जायेगा।

